सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-483
09/10/2017

प्रख्यात समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री भोला प्रसाद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना 09 अक्टूबर, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रख्यात समाजवादी नेता, पूर्व मंत्री एवं राज्य नागरिक परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष भोला प्रसाद सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि अपने दीर्घायू जीवन में स्व0 भोला प्रसाद सिंह जी ने बिहार में समाजवाद एवं राजनीति के विभिन्न आयामों को मजबूत आधार प्रदान किया था। वे राम मनोहर लोहिया जी के काफी करीबी थे। उनका समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अहम योगदान है, जिसे भूलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व0 भोला प्रसाद सिंह जी के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है तथा बिहार को खासकर समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******